आश्रय गृह की अर्धवार्षिक प्रगति रिपोर्ट
बेल्थरारोड,जनपद-बलिया
वर्ष 2021-22

भारतीय समाज में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान की नजर से देखा जाता रहा है किन्तु कुछ समय से संयुक्त परिवारों का विघटन होने के कारण एकल परिवारों का चलन काफी अधिक होने के कारण वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, भारत में वृद्धजनों की देखभाल की सतत कमी पायी जा रही है,वृद्धजनों में पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा न पाने के कारण खुद को उपेक्षित पाते हैं। संस्था अन्य समाजिक कार्यों के साथ–साथ वृद्धजनों की सेवा के लिये 50 वृद्धजनों के लिये आश्रम का संचालन कर रही है जिसमें उनकी सेवा व देखभाल की जाती है। संस्था द्वारा जनसमुदाय को जागरूक कर उन्हे वरिष्ठजनों को प्रेम व भावनात्मक संबल देने के लिये संवेदनशील होने के लिये प्रेरित किया जाता है। जनपद प्रशासन द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जाता है पुलिस प्रशासन भी वृद्धजनों को लाने में सहायता प्रदान करता है।

❖ **वस्त्र व भोजन की निःशुल्क व्यवस्थाः** स्थानीय जलवायु और परम्परागत परिधानों को ध्यान में रखते हुए कपड़े जिसमें (साड़ी–ब्लाउज, पेटीकोट,/शर्ट –पैंट/कुर्ता–पायजामा, धोती–कुर्ता, लुंगी, बनियान, ऊनी मोजा/मोजा और जुता/चप्पल, गर्म शाल/ ऊनी चादर, स्वेटर, टोपी/स्कार्फ और तौलिया/चादर आश्रम में प्रत्येक संवासी के वृद्धजन को उपलब्ध कराया जाता है । चाय–नास्ता और भोजन में दाल–रोटी,सब्जी,चावल सलाद व पनीर / मांशाहारी भोजन दिया जाता है प्रतिदिन दुध और मौसमी फल भी दिया जाता है। सभी को एक बेड, चादर, तकिया,आलमारी, रजाई–गद्दा, दे दिया गया है। सभी लोगों को

Manager
Dr. Ambedkar Memorial Educational & Rural Development Society
Parsia, Mau

1700 कैलोरी और 50 ग्राम प्रोटीन प्राप्त हो ऐसा भोजन आश्रम में दिया जाता है।

- **साफ–सफाई:** प्रतिदिन कमरों की पोंछा व साफ–सफाई दिन में दो बार की जाती है साथ ही शौचालय की सफाई भी दिन में कम से कम तीन बार की जाती है। तथा समय–समय पर रूम फ्रेसनर का छिड़काव भी किया जाता है। संस्थान पर कमोड/वेस्टर्न शौचालय भी प्रयोग में है।
- **योग:** योग की जरूरत प्रत्येक व्यक्ति को होती है तथा वृद्धावस्था में योग कर शरीर को निरोगी रखा जा सकता है योग से रोग भी दुर होते हैं और मन भी प्रसन्न होता है। योगा प्रशिक्षक द्वारा प्रतिदिन सुबह में ताड़ासन,अधोमुखासन, त्रिकोड़ासन, शवासन ,अस्टांग, भुजंगासन, कपालभाँति आदि योगासन का अभ्यास कराया जाता
- **चिकित्सा सुविधा:–** चिकित्सक द्वारा सप्ताह में दो बार स्वास्थ की जाँच की जाती है जिसके बाद सलाह व दवांये निःशुल्क प्रदान की जाती है तथा किसी भी संवासी को इमरजेंसी चिकित्सा की जरूरत होती है तो उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान में भर्ती भी किया जाता है और तीमारदारी के लिये संस्था का कर्मचारी प्रत्येक समय उपस्थित रहता है इलाज के उपरान्त भी उनकी उचित देखभाल की जाती है। संस्थान पर बी.पी मशीन,वजन मशीन, थर्मामीटर, सुगर नापने हेतु ग्लूकोमीटर, ट्राई–सायकिल और फर्स्ट एड–बाक्स उपलब्ध रहता है। नर्स द्वारा नियमित रूप उनके स्वास्थ्य का रिकार्ड रखा जाता है।
- **काउंसिलिंग:–** काउन्सलर द्वारा वृद्धजनों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिये काउन्सिलिंग की जाती है जिससे वे मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहें।
- **मनोरंजन:–** संस्था द्वारा मनोरंजन हेतु केबल युक्त टेलीविजन की व्यवस्था की गई है साथ ही मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दैनिक अखबार व पत्रिकाएं भी उपलब्ध रहती है। समय–समय पर भजन–किर्तन, आल्हा का कार्यक्रम व अन्य सांस्कृतिक

Manager
Dr. Ambedkar ... Educational ... Development Society
Parsia, Mau

कार्यक्रम किया जाता है आश्रम पर वाद्य यंत्रों की व्यवस्था है प्रत्येक मंगवार व शनिवार को भतन का कार्यक्रम अनिवार्य रूप से किया जाता है।

❖ **भ्रमण कार्यक्रम:** आश्रम में रहने वाले लोगों को धार्मिक और दार्शनिक स्थानों का भ्रमण कराया जाता है इस वर्ष महात्मा बुद्ध की बोध स्थान कुशीनगर, भृगुआश्रम,माँ बनदेवी, सोनाडीह धाम आदि के दर्शन कराया गया तथा मौनी अमवस्या पर ददरी का स्नान भी कराया गया ।

❖ **राष्ट्रीय त्यौहार:** आश्रम में गाँधी जयन्ती,26 जनवरी, 15 अगस्त, अम्बेडकर जयन्ती के साथ ही होली, दिपावली, दशहरा,मकर संक्रांति का पर्व विशेष पकवान की व्यवस्था होती है साथ ही मिल–जुल कर मनाया जाता है जिसमें स्थानीय प्रशासन की भूमिका होती है तथा प्रतिभाग किया जाता है।

❖ **चश्में का वितरण:** आँखों की जाँच कराकर चश्में के वितरण की व्यवस्था कराई गयी है साथ ही अन्य उपकरण जैसे कान की मशीन वछड़ी का वितरण कराया गया है साथ ही बुर्जुगों को वृद्धावस्था पेंसन का भी लाभ दिलाया जा रहा है।

Manager
Dr. Ambedkar Memorial Educational
& Rural Development Society
Parsia, Mau